प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 15.04.2025 समय : 18.30 पीएम

- सर्वोच्च न्यायालय ने देश में बाल तस्करी से जुड़े अपराधों की रोकथाम और जल्द सुनवाई के लिए कड़े दिशा–निर्देश जारी किएं
- प्रवर्तन निदेशालय–ईडी की टीमों ने देश के 15 से अधिक स्थानों पर छापे मारे–जयपुर में पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के आवास पर भी तलाशी
- राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने युवाओं के कौशल विकास पर जोर दिया–बीकानेर में राजस्थान पशु विज्ञान और पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कियां
- प्रदेश में एक बार फिर तेज गर्मी और हीट वेव का दौर शुरूं

000000

सर्वोच्च न्यायालय ने देश में बाल तस्करी से जुड़े अपराधों की रोकथाम और जल्द सुनवाई के लिए कड़े दिशा–निर्देश जारी किए हैं न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के बाल तस्करी मामले में आरोपियों द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए आज ये निर्देश जारी किएं न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और आर महादेवन की पीठ ने देश के उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया कि वे निचली अदालतों को बाल तस्करी के मामलों की सुनवाई छह महीने में पूरी करने को कहें सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि न्याय में देरी को रोकने के लिए ऐसे मामलों की सुनवाई रोजाना की जाएं एक अन्य महत्वपूर्ण निर्देश में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि अगर अस्पताल से कोई नवजात बच्चा चोरी होता है तो सबसे पहले संबंधित अस्पताल का लाइसेंस रद्द किया जाना चाहिएं

0000

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी की टीमों ने आज जयपुर सहित देश के 15 से अधिक स्थानों पर छापा मारा हैं ईडी ने जयपुर में पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के आवास की भी आज तलाशी ली हैं सुबह करीब 5 बजे टीमें श्री खाचरियावास के आवास पर पहुंच गई थीं यह मामला रियल एस्टेट में निवेश का काम करने वाली पर्ल एग्रोटेक कॉर्पोरेशन लिमिटेड–पीएसीएल में हुए 48 हजार करोड़ के घोटाले से जुड़ा हैं पूर्व मंत्री के घर छापेमारी की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में जयपुर के सिविल लाइंस स्थित आवास पर समर्थक पहुंच गएं समर्थकों ने इस कार्रवाई का विरोध किया और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कीं हालात को देखते हुए मौके पर तीन थानों की फोर्स भेजी गई इस दौरान श्री खाचरियावास भी आवास से बाहर आ गये और उन्होंने अपने समर्थकों को समझायां मीडिया से बताचीत में श्री खाचरियावास ने कहा कि उनका किसी कंपनी से लेनादेना नहीं हैं

0000

गृहमंत्री अमित शाह 17 अप्रैल को सिरोही जिले के आबू रोड़ में विश्व एकता और विश्वास के लिए राजयोग ध्यान पर राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारम्भ करेंगें ब्रह्माकुमारी संस्थान के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय शांतिवन में चार दिन का ये राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित होगां इस सम्मेलन में देशभर से तीनों सेनाओं के अधिकारी, जवान, आईपीटीबी, सीआरएफ, सीआईएसएफ के जवान भाग लेंगें इस दौरान ध्यान और योग पर प्रशिक्षण दिया जायेगां गृहमंत्री श्री शाह सम्मेलन का उद्‌घाटन करने के बाद सेना और अन्य बलों के अधिकारियों को संबोधित भी करेंगें श्री शाह संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी रतनमोहिनी को श्रद्धाजंलि भी देंगें वे नवनियुक्त मुख्य प्रशासिका बीके मोहिनी दीदी और अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका बीके मुन्नी दीदी का सम्मान करेंगें गृहमंत्री के दौरे की तैयारियों को लेकर आज एडीएम डॉ. दिनेश राय सापेला और एएसपी प्रभु दयाल ने अधिकारियों की बैठक लेकर शांतिवन में सुरक्षा–व्यवस्था को लेकर जरूरी निर्देश दिएं

0000

केंद्रीय कपडा मंत्री गिरिराज सिंह ने आज भीलवाडा में भीलवाड़ा टैक्सटाइल ट्रेड फेडरेशन के बहुउद्देशीय भवन का लोकार्पण कियां श्री गिरिराज सिंह का टेक्सटाइल यूनिट के पदाधिकारियों ने स्वागत कियां इस दौरान वस्त्र उद्यमियों को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि आज देश में कृषि के बाद वस्त्र उद्योग के क्षेत्र में रोजगार के ज्यादा अवसर मिल रहे हैं

00000

केन्द्रीय कानून और न्याय तथा संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज चूरू जिले के सुजानगढ़ के ठरड़ा में सुक्षेम आरोग्य विहार का शिलान्यास किया इस मौके पर नगरीय विकास और स्वायत्त शासन मंत्री

झाबर सिंह खर्रा, पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ भी मौजूद थें श्री मेघवाल ने कहा कि भामाशाह परिवार की ओर से बनाये जा रहे इस अस्पताल से क्षेत्र की जनता को फायदा मिलेगां

000000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने युवाओं के कौशल विकास पर जोर दिया हैं श्री बागडे ने आज बीकानेर में राजस्थान पशु विज्ञान और पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह में कहा कि गुरुकुल शिक्षा पद्धति में विद्यार्थी को शिक्षा के साथ कौशल विकास और चरित्र निर्माण की शिक्षा मिलती थीं उन्होंने युवाओं से शिक्षा और डिग्री हासिल करने के साथ खेलों और शारीरिक व्यायाम जैसी गतिविधियों में भागीदारी निभाने को भी कहां राज्यपाल ने विद्यार्थियों का आह्‌वान किया कि वे गुरु दक्षिणा के रूप में विश्वविद्यालय परिसर में एक–एक पौधा लगाएं और उसकी देखभाल करें इस दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में 2 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले अरुधंति कन्या छात्रावास का शिलान्यास कियां उन्होंने निजी महाविद्यालयों के एफिलेशन मैनेजमेंट सिस्टम, पुनर्निर्मित वेबसाइट और कार्मिकों की उपस्थिति के फेस रिकॉग्नेशन सिस्टम की शुरुआत कीं पशुपालन, गोपालन, डेयरी और देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत ने भी दीक्षांत समारोह को संबोधित कियां

00000

जगद्‌गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय का 7वां दीक्षांत समारोह 17 अप्रैल को आयोजित होगां विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे ने आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि दीक्षांत समारोह राजस्थान कंवेंशन सेंटर में होगां समारोह में विद्यार्थियों को डिग्री देने के साथ ही मेधावी विद्यार्थियों को पदक देकर सम्मानित किया जायेगां

00000

राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के सिलसिले में प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यक्रम हुएं चित्तौडगढ में जिला पुलिस ने पर्यावरण संरक्षण, जन सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देते हुए कार्यक्रमों का आयोजन कियां आज स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर और पौधारोपरण के कार्यक्रम हुएं रक्तदान शिविर में 57 पुलिसकर्मियों ने रक्तदान कियां बांसवाडा में स्कूली छात्र–छात्राओं के लिये प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गईं स्कूली बच्चों को रिजर्व पुलिस लाइन और थानों का भ्रमण करवाया गयां साथ ही रक्तदान, पौधरोपण, बैंडवादन और सामूहिक योग के कार्यक्रम भी हुए, जिनमें पुलिसकर्मियों ने बढचढकर हिस्सा लियां पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कल जयपुर में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगां इसमें मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सेरेमोनियल परेड की सलामी लेंगे तथा उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस अधिकारियों और कार्मिकों को मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक और पुलिस पदक प्रदान करेंगें इस समारोह के बाद आरपीए में रक्तदान शिविर का आयोजन होगां शाम को जवाहर सर्किल पर पुलिस बैंड का डिस्प्ले होगां

0000

कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने आज सवाईमाधोपुर जिले के मलारना डूंगर में 'मंत्री आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत जनसुनवाई कीं समस्या समाधान शिविर में डॉ मीना ने परिवादियों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निपटारे के लिये जरूरी निर्देश दिएं

00000

केन्दीय संचार ब्यूरो, जोधपुर की ओर से आज जिले के सालावास में महात्मागांधी राजकीय विद्यालय में ''बाल–विवाह, पोषण पखवाड़े और हमारा संविधान–हमारा स्वाभिमान'' के अन्तर्गत विचार गोष्ठी संपन्न हुईं इस अवसर पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में जानकारी दी गई तथा पोषण के बारे में बच्चों को बताया गयां केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से इस दौरान मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा फोटो प्रदर्शनी भी आयोजित की गयीं

00000

प्रदेश में एक बार फिर तेज गर्मी और हीट वेव का दौर शुरू हो गया हैं पिछले 24 घंटों में राज्य में तापमान में बढ़ोतरी हुई हैं आज जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर समेत पश्चिमी जिलों में तेज गर्मी पड़ीं कई स्थानों पर रात का तापमान भी 25 डिग्री से उपर पहुंच गया हैं बीती रात फलौदी, बीकानेर और बाडमेर में रात का पारा 28 डिग्री सेल्सियस से उपर मापा गयां हमारे बाडमेर संवाददाता ने बताया कि तेज गर्मी के कारण जनजीवन पर असर पड़ा हैं

.....

वहीं फलौदी जिले में भी भीषण गर्मी ने लोगों को खासा परेशान रखा हैं

......

इस बीच मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में अगले तीन चार दिन तेज गर्मी की संभावना हैं

00000